मेरा साथी खाटू वाला है

मेरा इक साथी है,बड़ा ही प्यारा है
नहीं कोई उस जैसा,वो सबसे न्यारा है
प्रेमियों का प्रेमी,बड़ा दिलवाला है,
मेरा रखवाला है,मेरा साथी खाटूवाला है...
जय जय बाबा श्याम...जय जय बाबा श्याम..
जय जय बाबा श्याम..बोलो जय जय बाबा श्याम..

वो सुनले बात मेरी,जो है अब दुनिया से हारा
जिसे पाना है जीवन में एक सच्चा सहारा
वो बस इक बार मेरे श्याम के दरबार आ जाये
निभाएगा जो जीवन भर,यहाँ वो साथी पा जाये
राह जो दिखलाये,जो नेकी सिखलाये
जिंदगी का मतलब जो हमको बतलाये
प्रेमियों का प्रेमी,बड़ा दिलवाला है,
मेरा रखवाला है,मेरा साथी खाटूवाला है...

मई अब इस दुनिया में जहाँ भी जाता हूँ
मेरे मनमोहन को साथ ही पाता हूँ
मेरा ये साथी मेरी हर राह आसान बनता है
कभी कोई मुश्किल आ जाये,उसे पल में सुलझाता है
साथ जो छोड़े न,कभी मुख मोड न
ये अंकुश का साथी,कभी दिल तोड़े न
प्रेमियों का प्रेमी,बड़ा दिलवाला है,
मेरा रखवाला है,मेरा साथी खाटूवाला है...

मेरा इक साथी है,बड़ा ही प्यारा है
नहीं कोई उस जैसा,वो सबसे न्यारा है
प्रेमियों का प्रेमी,बड़ा दिलवाला है,
मेरा रखवाला है,मेरा साथी खाटूवाला है...
जय जय बाबा श्याम...जय जय बाबा श्याम..
जय जय बाबा श्याम..बोलो जय जय बाबा श्याम..

संपर्क - +919830608619

स्वर : सौरभ मधुकर

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/926/title/mera-ek-sathi-hai-mera-sathi-khatu-wala-hai-khatu-shyam-bhajan-with-lyrics-by-saurabh-madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |